समकालीन विश्व राजनीति

Chapter :- दो ध्रुवीयता का अंत

विद्या दृष्टि

The Vision Of Education

CLASSES AVAILABLE :-

6th to 10th

- Maths
- Science
- English
- Sst

11th & 12th

- Pol. Science
- History
- Economics
- Accounts
- Maths
- English
- sociology

C-136A, Laxmipark, Near M. S. Memorial Public School, Nangloi, Delhi - 110041

M H Rabbani : 8700467219

(Chief Mentor & Coordinator)

@vidyadrishti

समकालीन विश्व राजनीती -12th

by :- M H RABBANI

दो ध्रुवीयता का अंत

■ 1917 में समाजवादी क्रांति (रुसी क्रांति / बोल्शेविक क्रांति) हुई।
■ इस क्रांति के माध्यम से "जार निकोलस द्वितीय " के सत्ता (राजतंत्र) की समाप्ति हो गई।

समाजवादी क्रांति की विशेषताएँ

👉 यह क्रांति पूंजीवादी व्यस्था के विरोध में हुई थी।
👉 **यह क्रांति प्रेरित थी -**
1. समाजवाद के आदर्शो से
2. समतामूलक समाज के निर्माण की जरूरत से

👉 यह मानव इतिहास में सबसे बड़ी कोशिश थी -
1. निजी संपत्ति की व्यस्था / संस्था को समाप्त करने की
2. समाज को समानता के सिद्धांत पर रचने की

विद्या दृष्टि
The Vision Of Education

सोवियत संघ की स्थापना

👉 रुसी क्रांति के 5 वर्ष बाद 1922 में समाजवादी सोवियत गणराज्य की स्थापना हुई।
👉 USSR - Union of Soviet Socialist Republics
👉 यह **15 गणराज्यों का एक समूह** था।
👉 संस्थापक अध्यक्ष - ब्लादिमीर लेनिन

बर्लिन की दीवार

👉 **विभाजन का प्रतीक** - पूँजीवादी दुनिया और साम्यवादी दुनिया के बीच
👉 **अलग करती थी** - पश्चिमी बर्लिन को पूर्वी बर्लिन से
👉 **निर्माण** - 1961 ई० में
👉 9 नवंबर 1989 को पूर्वी जर्मनी की जनता के द्वारा मुक्त आवागमन के लिए इसे गिरा दिया गया।
👉 150 कम लम्बी,28 वर्षो तक ख़डी रही
👉 **बर्लिन की दीवार गिरने के परिणाम -**
1. दूसरी दुनिया अथार्त सम्यवादी खेमे के पतन की शरुआत।
2. शीतयुद्ध की समाप्ति
3. एकध्रुवीय विश्व का निर्माण
4. जर्मनी का एकीकरण

🔴 **अतः इसका ऐतिहासिक महत्व है।**

@vidyadrishti

सोवियत प्रणाली की विशेषताएं

by :- M H RABBANI

A. आधार

👉 पूँजीवादी व्यवस्था का विरोध
👉 समाजवाद का आदर्श
👉 समतामूलक समाज का निर्माण

B. अर्थव्यस्था

👉 राज्य के द्वारा नियंत्रित
👉 नियोजित एवं योजनाबद्ध

C. संसाधनों पर स्वामित्व

👉 निजी संपत्ति का अस्तित्व नहीं
👉 मिल्कयत का प्रमुख रूप राज्य का स्वामित्व था
👉 उत्पादन के सभी साधनों, भूमि एवं अन्य संसाधनों पर राज्य का नियंत्रण

D. राजनीतिक प्रणाली की धुरी

👉 राज्य और "पार्टी की संस्था " को महत्व दिया गया
👉 एकदलीय व्यवस्था को अपनाया गया
👉 सोवियत राजनीतिक प्रणाली की धुरी कम्युनिस्ट पार्टी थी

E. नागरिक सुविधा/ न्यूनतम जीवन स्तर की गारंटी

👉 सरकार द्वारा सभी नागरिकों के लिए एक न्यूनतम जीवन स्तर सुनिश्चित किया गया था।
👉 स्वास्थ्य, शिक्षा एवं लोककल्याण से संबंधित बुनियादी जरूरत की चीजें सरकार द्वारा रियायती दर पर उपलब्ध कराई जाती थी।

F. उन्नत उद्योग

👉 संचार, परिवहन, उपभोक्ता उद्योग उन्नत स्थिति में थें।

G. रोजगार की स्थिति

👉 बेरोजगारी की समस्या नहीं थी।

H. पूर्वी यूरोप की अर्थव्यस्था का रूपांत्रण

👉 पूर्वी यूरोप के देशों को फासीवादी ताकतों से आजाद करा कर उनकी राजनीतिक और आर्थिक व्यस्था को समाजवादी प्रणाली के तर्ज पर ढाला गया।

सोवियत प्रणाली की राजनीतिक सीमाएं/ कमीयाँ

A. नौकरशाही

👉 सोवियत प्रणाली पर नौकरशाही का शिकंजा धीरे धीरे मजबूत होता गया।

B. सत्तावादी प्रणाली

👉 यह प्रणाली समय के साथ - साथ सत्तावादी होती गई जिसके कारण नागरिकों का जीवन कठिन होता गया।
👉 नागरिकों के पास लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की आजादी नही रही।

C. एक दलीय व्यवस्था

👉 सोवियत संघ के सभी आर्थिक और राजनीतिक संस्थाओं पर कम्युनिस्ट पार्टी का नियंत्रण था।
👉 यह पार्टी अब जनता के प्रति जवाबदेह नही रह गई थी।

D. रूस का प्रभुत्व

👉 15 गणराज्यों का समूह होने के बावजूद भी हर तरह के मामलों में या निर्णयों में रूस का वर्चस्व था
👉 इससे अन्य गणराज्यों की जनता उपेक्षित एवं दमित महसूस कर रही थी।

E. केंद्रीकृत शासन

👉 15 गणराज्यों का एक विशाल सम्राज्य फिर भी शासन केंद्र (मास्को) से हो रहा था

सोवियत प्रणाली की राजनीतिक सीमाएं/ कमीयाँ

A. गतिरुद्ध अर्थव्यवस्था

👉 कई वर्षो तक सोवियत अर्थव्यवस्था गतिरुद्ध रही, जिससे उपभोक्ता वस्तुओं की कमी होने लगी।

👉 खाद्यान का आयात साल दर साल बश्ता जा रहा था।

👉 अतः अपनी सोवियत प्रणाली पर जनता संदेह करने लगी।

B . पिछड़ापन

👉 प्रोद्योगिकी एवं आधारभुत ढांचे के मामले में सोवियत संघ पश्चिम के देशों से पिछड़ चूका था।

C . संसाधनों का दुरूपयोग

👉 अधिकांश संसाधन परमाणु हथियार एवं सैन्य समाग्री पर खर्च किए गए।

👉 पूर्वी यूरोप के पिछलग्गु देशों के विकास के लिए आर्थिक सहायता।

👉 विभिन्न क्षेत्रों में युद्ध में संलिप्तता, जैसे - **1979 में अफगानिस्तान पर आक्रमण**

👉 इन सभी कारणों से सोवियत अर्थव्यवस्था पर गहरा दबाव पड़ा जिसका सामना सोवियत अर्थव्यस्था न कर सकी।

निष्कर्ष :-

■ वस्तुतः सोवियत प्रणाली नागरिकों की राजनीतिक एवं आर्थिक आकांक्षाओं को पूरा न कर सकी।

■ राजनीतिक एवं आर्थिक संस्थाओं की आंतरिक कमजोरी के कारण यह प्रणाली पूरी तरह विफल रही

■ अंततः सोवियत संघ का विघटन हो गया।

सोवियत संघ के विघटन का घटनाक्रम

■ **मार्च 1985**

👉 मिखाइल गोर्बाचेव कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव बनें।

👉 बोरिस येल्तसिन रुसी कम्युनिस्ट पार्टी के प्रमुख बनें।

👉 सुधारों की शरुवात

■ **1988**

👉 लिथुआनिया में स्वतंत्रता संघर्ष।

👉 लताविया और एस्टोनिया में भी संघर्ष शरू।

विद्या दृष्टि
The Vision Of Education

■ **अक्टूबर 1989**

👉 सोवियत संघ ने घोषणा की कि "वारसा समझौते " के सदस्य अपना भविष्य तय करने के लिए स्वतंत्र।

👉 नवंबर में बर्लिन की दीवार गिरी।

■ **फरवरी 1990**

👉 गोर्बाचेव द्वारा ड्यूमा (सोवियत संसद) के चुनाव के लिए बहुदलीय शासन प्रणाली की शरुवात।

👉 लगभग 70 वर्ष पुराना कम्युनिस्ट पार्टी का एकाधिकार समाप्त हो गया।

■ **मार्च 1990**

👉 **लिथुआनिया स्वतंत्रता की घोषणा करने वाला सबसे पहला सोवियत गणराज्य।**

■ **जून 1990**

👉 रुसी संसद ने खुद को सोवियत संघ से स्वतंत्र घोषित किया।

■ **जून 1991**

👉 येल्तसिन ने कम्युनिस्ट पार्टी से इस्तीफा दिया और रूस के राष्ट्रपति बनें।

■ **अगस्त 1991**

👉 गरमपंथियों द्वारा गोर्बाचेव के तख्तापलट का असफल प्रयास किया गया।

by :- M H RABBANI

■ **सितम्बर 1991**

👉 लिथुआनिया, लताविया और एस्टोनिया UNO के सदस्य बनें।

■ **दिसंबर 1991**

👉 रूस, बेलारूस और युक्रेन द्वारा सोवियत संघ निर्माण (1922) की संधि की समाप्ति का फैसला कर राष्ट्रकूल का निर्माण किया।

👉 अर्मेनिया, अजरबैजान, ताजिकिस्तान, किर्गीझस्तान, तुर्केमिनिस्तान, उज़्बेकिस्तान, कज़ाकिस्तान, माल्दोवा राष्ट्रकूल में शामिल।

👉 1993 में जार्जिया राष्ट्रकूल का सदस्य बना।

👉 रूस को UNO में सोवियत सीट मिली।

■ **25 दिसंबर 1991**

👉 गोर्बाचेव का सोवियत संघ के राष्ट्रपति पद से इस्तीफा।
सोवियत संघ का अंत।

विद्या दृष्टि
The Vision Of Education

सोवियत संघ के प्रमुख नेता

ब्लादिमीर लेनिन

■ संस्थापक - बोल्शेविक कम्युनिस्ट पार्टी और सोवियत साम्यवादी गणराज्य के।
■ सिद्धांतकार - मार्क्सवाद के।
■ प्रेरणा स्त्रोत - साम्यवाद के।
■ नायक - 1917 की रुसी क्रांति के।

जोजेफ स्टालिन

■ उत्तराधिकारी - लेनिन के
■ औद्योगिकीकरण - बढ़ावा दिया
■ सामूहिकरण - कृषि का
■ जीत का श्रेय - द्वितीय विश्वयुद्ध में
■ तानाशाह - 1930 के दशक में पार्टी के आंतरिक विद्रोह का दमन किया, अतः इन्हे तानाशाह कहा गया।

निकिता खरुशचेव

■ राष्ट्रपति(USSR) - स्टालिन के बाद
■ आलोचक - स्टालिन के नेतृत्व शैली का
■ दमन - हंगरी के जनविद्रोह का
■ संकट - क्यूबा मिसाइल संकट
■ सुझाव - पश्चिम के साथ शांतिपूर्ण सहअस्तित्व

by :- M H RABBANI

लिओनिड ब्रेझनेव

- राष्ट्रपति - निकिता के बाद
- दमन - चेकोसलोवाकिया के जनविद्रोह का
- आक्रमण - अफ़ग़ानिस्तान पर
- सुझाव - एशिया की सामूहिक सुरक्षा व्यस्था का सुझाव
- दौर - अमेरिका के साथ तनाव में कमी का दौर

मिखाइल गोर्बाचेव

- राष्ट्रपति - सोवियत संघ के अंतिम राष्ट्रपति
- सुधार - परेस्त्रोइका (पुनरर्चना) और ग्लासनोस्त (खुलेपन)
- सहायक - जर्मनी के एकीकरण में
- अमेरिका के साथ संबंध - हथियारों की होड़ पर रोक लगाई
- प्रमुख निर्णय - पूर्वी यूरोप और अफ़ग़ानिस्तान से सेना वापिस बुलाई
- समाप्ति - शीतयुद्ध समाप्त किया
- आरोप - सोवियत संघ के विघटन

विद्या दृष्टि
The Vision Of Education

बोरिस येल्तसिन

- राष्ट्रपति - रूस के प्रथम निर्वाचित राष्ट्रपति
- आलोचक - गोर्बाचेव के
- नेतृत्व - सोवियत संघ के खिलाफ विद्रोह का
- केंद्रीय भूमिका - सोवियत संघ के विघटन में
- जिम्मेदार - सम्यवाद से पूंजीवाद की ओर संक्रमण के कारण उस दौर में रुसी लोगों को हुए कष्ट के लिए जिम्मेदार

गोर्बाचेव और सोवियत संघ में सुधार

- 1980 के दशक के मध्य में मिखाइल गोर्बाचेव कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव बनें।
- निम्न करकों ने उन्हें सोवियत संघ या सोवियत प्रणाली में सुधार लाने के लिए बाध्य किया :-

(1) पश्चिम के देशों से बराबरी

👉 संचार एवं प्रोद्योगिकी के क्षेत्र में पश्चिम से बराबरी करने के लिए सुधार जरूरी थें।

(2) कम्युनिस्ट पार्टी की उदासीनता

👉 इस पार्टी का हर तरह के आर्थिक एवं राजनीतिक संस्थाओं पर कठोर नियंत्रण था।
👉 लेकिन यह पार्टी 15 गणराज्यों की जनता की अपेक्षाओं के प्रति जवाबदेह नही रह गई थी।
👉 अतः सुधार जरूरी थें।

by :- M H RABBANI

(3) सोवियत प्रणाली की अक्षमता

👉 यह प्रणाली नागरिकों की आर्थिक एवं राजनीतिक आकांक्षाओं को पूरा नहीं कर पर रही थी।
👉 अतः अपनी प्रणाली पर जनता में बढ़ रहे असंतोष के कारण सुधार करना अनिवार्य था।

(4) गतिरुद्ध अर्थव्यवस्था

👉 उपभोक्ता वस्तुओं की कमी जिससे मुद्रास्फीति / महंगाई
👉 साल दर साल खाद्यान आयात में वृद्धि हो रही थी।
👉 अतः आबादी का बहुत बड़ा हिस्सा राजव्यस्था को संदेह की दृष्टि से देखने लगा।

(5) जनआक्रोश

👉 जनता नौकरशाही तथा अफसरशाही की विलासिता से असंतुष्ट थी।

👉 कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्यों एवं अधिकारीयों को सामान्य नागरिक की तुलना में बहुत अधिक अधिकार प्राप्त थें।

👉 इन सबके खिलाफ में जनआक्रोश बढ़ रहा था।

■ **निष्कर्ष :-** अतः उपयुक्त कारणों से गोर्बाचेव को मजबूर होकर सोवियत प्रणाली में सुधार का प्रयास करना पड़ा।

सोवित प्रणाली में सुधार में गोर्बाचेव की भूमिका

■ गोर्बाचेव ने पश्चिमी देशो से बराबरी के लिए राजनीतिक सुधारो तथा लोकतांत्रिकरण का प्रयास किया।

■ अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए प्रशासनिक ढांचे में ढील देना शुरू किया।

■ इसके लिए पेरेसत्रोइका (पूर्नरचना) एव गलासनोस्त (खुलापन) नामक आर्थिक सुधार लागु किए।

■ विभिन्न साथियों के माध्यम से अमेरिका के साथ हथियारों की प्रतिस्पर्धा को कम करने प्रयास किया।

■ अफगानिस्तान और पूर्वी यूरोप से सेना बुला कर आर्थिक दवाब को कम करने के साथ शांति स्थापना का प्रयास किया

■ एकदलीय व्यवस्था की जगह बहुदलीय व्यवस्था की शुरुआत की।

गोर्बाचेव के द्वारा किए गए सुधारों के परिणाम / प्रभाव

(1) निराश जनता

👉 गोर्बाचेव के द्वारा किए जाने वाले सुधारों की गति जनता को बहुत धीमी लगी।

👉 अतः जनता गोर्बाचेव की कार्यपद्धति से निरास हो गई।

(2) कम्युनिस्ट पार्टी के द्वारा विरोध

👉 सुधारों के माध्यम से काम्युनिष्ट पार्टी के नेताओं एवं अधिकारीयों के विशेषाधिकार समाप्त हो रहे थें तथा उनकी शक्ति एवं अधिकारों में कटौती हुई।

👉 इन नेताओं के अनुसार गोर्बाचेव सुधार करने में जल्दीबाज़ी कर रहे थें।

👉 अतः इनके अपनी ही पार्टी के नेताओं ने इनका विरोध शरू कर दिया।

(3) लोकतान्त्रिक अधिकारों के माँग में वृद्धि

👉 सुधारों के माध्यम से जैसे ही जनता को थोड़ी बहुत स्वतंत्रता मिली उनकी अपेक्षाए और बढ़ गई।

👉 सुधारों ने जनता को स्वतंत्रता का वह स्वाद चखाया कि जनता ने साम्यवाद से मुँह ही मोड़ लिया।

(4) साम्यवाद से पूँजीवाद कि ओर संक्रमण

👉 जनता सोवियत प्रणाली की जगह पूरी तरह से लोकतान्त्रिक मूल्यों को लागु करवाने के लिए विरोध करने लगी।

👉 जनता के विरोध के दबाव में कई गणराज्यों ने साम्यवादी व्यवस्था को छोड़ कर पूँजीवादी व्यवस्था को अपनाना शरू कर दिया।

(5) अंततः सोवियत संघ का विघटन हो गया।

by :- M H RABBANI

सोवियत संघ के देशों में आपसी असंतोष के कारण

(1) समस्त संस्थाओं पर एक ही सत्ता अथार्थ कम्युनिस्ट पार्टी का नियंत्रण।
(2) अपने लोगों के राजनीतिक और आर्थिक आकांक्षाओं को पूरा करने में असमर्थतता।
(3) उत्पादकता, संचार, आधारभूत ढांचा एवं प्रोद्योगिकी के क्षेत्र में पश्चिमी देशों से पिछरापन।
(4) उपभोक्ता वस्तु एवं सेवाओं के उत्पादन में कमी।

पूर्वी यूरोप में साम्यवादी सरकारों के पतन का कारण

■ गोर्बाचेव के द्वारा आर्थिक एवं राजनीतिक सुधारों का प्रयास किया गया।
■ इनसे जनता की अपेक्षाओं में वृद्धि हुई।
■ साथ ही साथ पश्चिमी यूरोप के देशों से पिछड़ेपन का भाव
■ अतः जनता ने सोवियत नियंत्रण एवं अपनी सम्यवादी सरकारों का विरोध करना शरू कर दिया।
■ जनता के विरोध के दबाव में इन सरकारों ने साम्यवाद को छोड़ कर पूँजीवाद को अपनाना शरू कर दिया।
■ इसप्रकार पूर्वी यूरोप में साम्यवादी सरकारों का एक एक कर पतन हो गया।

कुछ महत्वपूर्ण तथ्य

👉 मध्यपूर्व संकट - 1967 में इजराइल और अरब देशों के मध्य 6 दिन चले युद्ध को मध्यपूर्व संकट कहते हैं। इसने मध्यपूर्व के भौगोलिक नक्शे को बदल सिया था।
👉 पूँजीवादी खेमा - पहली दुनिया
👉 समाजवादी खेमा - दूसरी दुनिया
👉 नवस्वतंत्र राष्ट्र - तीसरी दुनिया
👉 हिंसक अलगाववादी आंदोलन - चेचन्या और दागिस्तान
👉 एकध्रुवीय व्यवस्था - विश्व में शक्ति का एकमात्र केंद्र होना
👉 CIS की स्थापना - 1991(वर्तमान 12 सदस्य)
👉 मध्य एशियाई गणराज्य - सोवियत संघ के साथ रहना चाहते थें
👉 रूस, युक्रेन और बेलरूस - सोवियत संघ की समाप्ति की घोषणा करने वाले गणराज्य
👉 युगोस्लाविया - बालकन क्षेत्र में सबसे घंटे संघर्ष
👉 उजबेकिस्तान के लोग - भारतीय फिल्मो के लिए ललाइत
👉 मित्र संधि - 1976, USSR और भारत के बीच 20 वर्ष के लिए

विद्या दृष्टि
The Vision Of Education

by :- M H RABBANI

Baltic गणराज्य

■ **Baltic सागर के पूर्व के देश**
- 👉 लिथुआनिया
- 👉 लताविया
- 👉 एस्टोनिया

■ **ये तीनों सदस्य हैं -**
- 👉 NATO
- 👉 EU
- 👉 EUROZONE
- 👉 OECD

बाल्कन गणराज्य

- स्लोवेनिया
- क्रोएशिया
- बोसनिया हर्ज़ेगोविना
- मोंटेनिग्रो
- अल्बानिया
- ग्रीस
- सर्बिया
- कोसोवो
- मैसिडोनिया
- ग्रीस
- रोमानिया
- बुलगारिया
- तुर्की

विद्या दृष्टि
The Vision of Education

by :- M H RABBANI

सोवियत संघ का विघटन

👉 25 दिसंबर 1991 को सोवियत संघ टूट गया और टूटने से 15 नए देश बने-

- आर्मीनिया
- अजरबैजान
- जॉर्जिया
- बेलारूस
- यूक्रेन
- रूस
- मालदोवा
- लिथुआनिया
- लातविया
- इस्टोनिया
- ताजिकिस्तान
- किर्गिस्तान
- तुर्कमेनिस्तान
- उज्बेकिस्तान
- कजाकिस्तान

सोवियत संघ के विघटन के कारण

(1) राजनीतिक आर्थिक संस्थाओं की कमजोरी

- राजनीतिक एवं आर्थिक संस्थाएं आंतरिक कमजोरी के कारण लोगों की अपेक्षा को पूरा नहीं कर पर रही थी।

(2) गतिरुद्ध अर्थव्यवस्था

- सोवियत प्रणाली के तहत अर्थव्यवस्था लम्बे समय तक गतिरुद्ध रही।
- इसके कारण उजभोक्ता वस्तुओं की बहुत कमी हो गई जिसके कारण मुद्रास्फीति में वृद्धि हुई।
- अतः जनता अपनी हिबराज्य व्यवस्था को संदेह की दृष्टि से देखने लगी।

(3) आर्थिक दबाव

- अमेरिका के साथ हथियारों की प्रतिस्पर्धा।
- पूर्वी यूरोप के देशों की आर्थिक मदद।
- पूर्वी यूरोप और अफ़ग़ानिस्तान जैसे देशों में सेना की तैनाती पर खर्च।
- उपरोक्त कारणों से सोवियत संघ पर गहरा आर्थिक दबाव बना जिसका सोवियत व्यवस्था सामना न कर सकी।

(4) निराश जनता

- पश्चिम देशों की तुलना में सोवियत संघ पिछड़ चूका था।
- अपने पिछड़ेपन की पहचान से लोगों को राजनीतिक और मनोवैज्ञानिक रूप से धक्का लगा।
- अतः जनता में राजव्यवस्था को लेकर निराशा थी।

by :- M H RABBANI

(5) केंद्रीकृत शासन

- विशालता के बावजूद सम्पूर्ण सोवियत संघ पर केंद्र (मास्को) से शासन किया जा रहा था।

(6) रूस की प्रमुखता

- सोवियत संघ 15 गणराज्यों का समूह था लेकिन हर मामले में या निर्णयों में रूस का प्रभुत्व था।
- अतः अन्य गणराज्यों की जनता उपेक्षित एवं दमीत महसूस कर रही थी।

(7) कम्युनिस्ट पार्टी का एकाधिकार

- सोवियत संघ राजनीतिक एवं प्रशासनिक रूप से भी गतिरुद्ध हो चूका था।
- लगभग पिछले 70 वर्षो से शासन करने वाली पार्टी अब जनता के प्रति जवाबदेह नहीं रह गई थी
- पार्टी के सदस्यों को समान्य नागरिकों की तुलना में ज्यादा अधिकार प्राप्त थें।
- अतः जनता का भरोसा इस पार्टी एवं इनकी सरकार पर से जाता रहा।

(8) सोवियत प्रणाली पर नौकरशाही का सिकंजा

- यह प्रणाली सत्तावादी हो गई थी।
- नौकरशाही में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण नागरिकों का जीवन कठिन होता गया।

(9) तत्कालीन एवं प्रमुख कारण

- राष्ट्रीयता, समप्रभुता की भावना का उभार सोवियत संघ के विघटन का अंतिम और सर्वाधिक तत्कालीन कारण सिद्ध हुआ।

�� निष्कर्ष -

👉 वस्तुतः गतिरुद्ध प्रशासन, भारी भ्रष्टाचार
👉 गलतियों को सुधारने में व्यवस्था की अक्षमता
👉 शासन में ज्यादा खुलापन (पारदर्शिता) लाने के प्रति अनिक्षा
👉 विशालता के बावजूद सत्ता के केंद्रिकरण इत्यादि सोवियत संघ के विघटन के कारण बनें।

सोवियत संघ के विघटन से परिवर्तन एवं प्रभाव

👉 सोवियत संघ के विघटन से मुख्यतः तीन प्रकार के दूरगामी परिवर्तन हुए।
👉 प्रत्येक परिवर्तन के बहुत सारे प्रभाव हुएं जो निम्नलिखित हैं :-

(1) शीतयुद्ध की समाप्ति

- समाजवादी व्यवस्था और पूँजीवादी व्यवस्था में कौन सा श्रेष्ठ है ? यह विचारधारात्मक विवाद समाप्त हो गया।
- हथियारों की प्रतिस्पर्धा में कमी आयी या लगभग समाप्त हो गई।
- सैनिक गुटों का अंत होने लगा।

(2) वैश्विक राजनीती में शक्ति संबंध में परिवर्तन

- वैश्विक शक्ति संतुलन में परिवर्तन हुआ।
- एकध्रुवीय विश्व का निर्माण हुआ।
- अमेरिका अकेला महाशक्ति बन गया।
- पूँजीवादी अर्थव्यवस्था अंतराष्ट्रीय स्तर पर प्रभुत्वशाली अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हो गई।
- विश्व बैंक एवं अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) जैसी अंतराष्ट्रीय वित्तीय संस्थाएं विभिन्न देशों की सलाहकार बन गई।
- राजनीतिक रूप से उदारवादी लोकतंत्र राजनीतिक जीवन को सूत्रबद्ध करने की सर्वश्रेष्ठ धारणा के रूप में उभरा।
- पूँजीवाद का विस्तार हुआ और समाजवादी विचारधारा पर प्रश्न चिन्ह लग गया।

by :- M H RABBANI

सोवियत संघ के विघटन का परिणाम

- शीतयुद्ध की समाप्ति
- हथियारो की प्रतिस्पर्धा पर रोक
- सैनिक गुट कुछ हद तक अप्रसंगिक
- साम्यवादी विचारधारा पर प्रश्न चिह्न
- पूँजीवादी विचारधारा का प्रसार
- एक ध्रुवीय विश्व का उदय
- अमेरिका के वर्चस्व में वृद्धि
- वैश्विक सुक्ति संतुलन मे परिवर्तन
- नए देशो का उदय
- NATO का विस्तार
- वरसा की समाप्ति
- सोवियत संघ से अलग हुए देशों में राजनीतिक एवं आर्थिक सुधारों के लिए जनसंघर्ष,अलगाववादी आंदोलन
- मध्य एशिया संघर्ष का केंद्र बन गया
- सोवियत गणराज्य में राजनीतिक असंतोष एवं बिखराव
- सोवियत संघ में शामिल बालटिक और पूर्वी यूरोप के देश यूरोपीय संघ में शामिल

सोवियत संघ के विघटन का अंतराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव

- साम्यवादी अर्थव्यवस्था की तुलना मे पूँजीवादी 'अर्थव्यवस्था का दुनिया मे वर्चस्व कायम हो गया।
- वैश्विक स्तर पर साम्यवादी विचारधारा पर प्रश्न चिह्न लग गया जबकि पूँजीवादी विचारधारा' का प्रसार हुआ।
- अंतराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका सबसे बडी ताकत बनकर उभरा और दुनिया के विभिन्न देश अमेरिकी की अर्थव्यवस्था की ओर आकर्षित हुए।
- विश्व बैंक एवं अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष जैसी वैश्विक वित्तीय संस्थाएं विभिन्न देशों की सलाहकार बन गई। इनके द्वारा बिभिन्न देशों की अर्थव्यवस्था को पूँजीवादी अर्थव्यवस्था मे तबदील (परिवर्तन) करने के लिए कर्ज दिया गया।
- सान्यवादी देशो ने पूँजीवादी अर्थव्यवस्था की ओर संक्रमण किया।
- निष्कर्ष :- वस्तुतः सोवियत संघ के विघटन से वैश्विक स्तर पर व्यापक परिवर्तन हुएं।

सोवियत संघ के विघटन का भारत पर प्रभाव

- भारत ने अंतराष्ट्रीय स्तर पर सोवियत संघ जैसी एक वैश्विक शक्ति का समर्थन खो दिया।
- भारत को एकू ध्रुवीय विश्व में अमेरिका साथ संबंध बेहतर करने का प्रयास करना पड़ा।
- भारत को अमेरिका एवं सोवियत संघ के उत्तराधिक रूस दोनो के साथ संतुलन साधने का प्रयास करना पड़ा।
- एक ध्रुवीय विश्व में उत्पन्न चुनौतियो का सामना करने के लिए भारत को अपनी सैन्य शक्ति मजबूत करने पर ध्यान देना पड़ा।

by :- M H RABBANI

सोवियत संघ के विघटन न होने की स्थिति में वैश्विक राजनीती

👉 यदि सोवियत संघ का विघटन न होता और विश्व द्विध्रुवीय बना रहता तो ऐसी परिस्थिति में वैश्विक राजनीती पर निम्न प्रभाव पड़ता :-

- शीतयुद्ध के दौरान जो टकराव था वो समाप्त न होता तथा अमेरिका दुनिया का एकमात्र सुपरपावर न बन पाता।
- सोवियत संघ में शामिल गणराज्य स्वतंत्र न हो पातें।
- सोवियत संघ एवं अमेरिका के बीच हथियारों की प्रतिस्पर्धा जारी रहती।
- सम्भवतः दोनों वैश्विक शक्तियों के बीच तनाव इतना बढ़ जाता कि तृतीय विश्वयुद्ध हो जाता।

लियोनिड ब्रेझनेव और सोवियत विघटन

- **ब्रेझनेव के शासन काल मे** सन् 1979 मे सोवियत संघ ने **अफगानिस्तान में सैनिक हस्ताक्षेप** करके अपने आप को सकट मे डाल दिया।
- ऐसा करने से सोवियत अर्थव्यवस्था पर दवाब बढ़ा, देश के भीतर उपभोक्ता साम्रगी और खाद्य - उत्पादन लगातार कम होता गया। अतः सोवियत सघ को बाहर से खाद्यान्न आयात करना पड़ा।
- **1979-1989** वर्षो तक लगातार प्रयास करने के बावजूद भी सोवियत संघ अफगानिस्तान को अपने नियंत्रण में नहीं रख सका अतः मजबुर होकर मिखाइल गोर्बाचेव को अफगानिस्तान से अपनी सेना वापस बुलानी पड़ी।
- **दस वर्षो तक युद्ध** मे शामिल होने से सोवियत संघ के भीतर जन आक्रोश को बढ़ावा मिला जिसके कारण सोवियत संघ का विघटन हो गया।

सोवियत संघ का अंत समाजवाद या साम्यवाद का अंत ?

- सोवियत संघ का अंत समाजवादी व्यवस्था और साम्यवादी विचारधारा का अंत नहीं है।
- सोवियत संघ के विघटन के साथ दुनिया से साम्यवादी विचारधारा का अंत नही हुआ।
- **एक विचारधारा के रूप मे यह आज भी अस्तित्व में है।**
- बदले हुए वैश्विक परिवेश एवं परिस्थितियों के अनुसार दुनिया के विभिन्न देशो ने इस विचारधारा को अपनी जरूरतो के अनुसार थोड़े बहुत बदलाव के साथ अपनाया है।

स्वतंत्र राष्ट्रों का राष्ट्रकुल

- CIS - Commonwealth Nation of Independent states
- दिसंबर 1991 में बेलरूस में इसकी स्थापना कि गई।
- इसे रुसी राष्ट्रमंडल भी कहते हैं।
- 19 मई,2018 को यूक्रेन ने रूस के साथ डॉन बॉस्को और क्रीमिया के प्रश्न पर संघर्ष के परिणामस्वरूप राष्ट्रमंडल में भाग लेना बंद कर दिया है और अपने सारे संबंध राष्ट्रमंडल से तोड़ दिये हैं।
- **निर्माण का आधार :- सोवियत संघ के विघटन से स्वतंत्र हुए देशों ने एक समान संप्रभुता के आधार पर इसका गठन किया।**

by :- M H RABBANI

कुल सदस्य 12

- रूस
- बेलरूस
- यूक्रेन
- माल्दोवा
- आर्मीनिया
- अजरबैजान
- जॉर्जिया
- तज़ाकिस्तान
- किर्गीस्तान
- तुर्कमेनिस्तान
- उज़्बेकिस्तान
- कज़ाकिस्तान

सोवियत अर्थव्यस्था के गतिरुद्ध होने के कारण

- संसाधनों का दरूपयोग परमाणु हथियार और सैन्य समाग्री पर।
- पूर्वी यूरोप के देशों की आर्थिक मदद।
- बिभिन्न युद्धों पर खर्च।

शॉक थेरेपी

विद्या दृष्टि
The Vision Of Education

👉 **शाब्दिक अर्थ :-** आघात पहुंचाकर ऊपचार करना
👉 **संक्रमण मॉडल :-** साम्यवाद से पूँजीवाद की ओर संक्रमण का मॉडल
👉 **क्षेत्र :-** रूस, मध्य एशियाई गणराज्य, पूर्वी यूरोप
👉 **समय :-** 1990 से
👉 **दिशा निर्देश :-** अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं के दिशा निर्देश में

- WB - World Bank (विश्व बैंक)
- IMF - International Monetary Fund (अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष)

👉 **दूसरी दुनिया के देशों में इसकी गति एवं घंटा अलग -अलग रही लेकिन लगभग इसकी दिशा और चरित्र एक जैसी रही।**

शॉक थेरेपी की विशेषताएं

(1) मिल्कयत का सबसे प्रभावी रूप निजी स्वामित्व।
(2) राज्य की सम्पदा का निजीजरण।
(3) सामूहिक फर्म की जगह निजी फर्म अथार्त पूँजीवादी पद्धति से कृषि।
(4) मुक्त व्यापार, पश्चिमी देशों की अर्थव्यवस्था से जुड़ाव।
(5) मुद्राओं की आपसी परिवर्तनीयता, वित्तीय खुलापन।
(6) पूँजीवाद के अतिरिक्त किसी अन्य वैकल्पिक व्यवस्था को न अपनाना।

by :- M H RABBANI

शॉक थेरेपी के परिणाम

(a) अर्थव्यवस्था तहस-नहस या बर्बाद

(b) राज्य नियंत्रित सम्पूर्ण औद्योगिक ढाँचा नष्ट (c) क्षेत्र की जनता को बर्बादी की मार झेलनी पड़ी

(d) इतिहास की सबसे बडी गराज सैल या महाबिक्री

(e) रूसी मुद्रा रूबल के मूल्य मे गिरावट तथा मुद्रास्फीति

(f) गरीब जनता पर प्रतिकुल प्रभाव

- सामूहिक खेती प्रणाली समाप्त होने से लोगो के पास अब खाद्यान सुरक्षा न रही, अतः खाद्यान संकट ।
- सरकार द्वारा दी जाने वाली निशुल्क आधारभूत सुविधाओं के खत्म होने से गरीब जनता का जीवननिर्वाह कष्टदायक हो गया।
- समाजकल्याण की पुरानी व्यवस्था को शॉक थेरेपी के माध्यम से क्रमिक रूप से नष्ट कर दिया गया
- सरकारी रियायतों की समाप्ति के कारण मध्यवर्ग ग़रीबी का शिकार हो गया।

(g) आर्थिक विषमता में वृद्धि

- उत्पादन के साधनों पर निजी कम्पनीयों एवं पूंजीपतियों का नियंत्रण होने से आर्थिक विषमता में वृद्धि हुई।

(h) कालाबाजारी एवं माफिया वर्ग (जरायमपेशा) का उदय

- अधिकांश आर्थिक गतिविधियाँ इनके नियंत्रण में आ गई।
- भ्रष्टाचार में वृद्धि हुई।

(i) बैंक दिवालिया हुए जैसे इंकाम बैंक

(j) सत्तावादी शाशन प्रणाली का विकास

- आर्थिक बदलावों को प्राथमिकता दी गई परन्तु लोकतान्त्रिक संस्थाओं के निर्माण को नहीं।
- अधिकांश देशों के संविधान जल्दीबाज़ी में बनाए गए।
- राष्ट्रपति को कार्यपालिका का प्रमुख और कमजोर संसद बनाने से इन देशों में सत्तावादी राष्ट्रपतिय शासन का विकास हुआ।

निष्कर्ष :-

👉 शॉक थेरेपी पूर्णतः विफल रही।
👉 सम्पूर्ण औद्योगिक ढांचा बर्बाद।
👉 अर्थव्यस्था बर्बाद
👉 इन सबकी मार जनता को झेलनी पड़ी।

विद्या दृष्टि
The Vision Of Education

शॉक थेरेपी की समीक्षा

- शॉक थेरेपी को साम्यवाद से पूँजीवाद की ओर संक्रमण का बेहतर विकल्प नहीं माना जा सकता' क्योंकि इसके परिणाम सोवियत संघ के लिए नुकसानदायक रहे।
- किसी भी राजनीतिक और आर्थिक व्यवस्था के भीतर तुरन्त परिवर्तन की अपेक्षा धीरे-धीरे परिवर्तन को लागू करना चाहिए।
- लेकिन शॉक थेरेपी के माध्यम से अचानक एक साम्यवादी व्यवस्था को पूँजीवादी व्यवस्था मे बदलने प्रयास किया गया।
- इसके कारण सम्पूर्ण औद्योगिक ढाँचा तहस-नहस हो गया और सुधार की जगह सोवियत संघ का विघटन हो गया।

by :- M H RABBANI

इतिहास की सबसे बड़ी गराज सेल

- सरकारी ससाधनो एवं उद्योगो की नीलामी की प्रक्रिया को इतिहास की सबसे बड़ी गराज सेल या महाविक्री कहा गया।
- लगगण 90% उद्योगो को निजी हाथो या कम्पनियो को बेचा गया।
- इस महाविक्री मे भाग लेने के लिए नागरिको को अधिकार पत्र जारी किए गए लेकिन धन के आभाव में नागरिको ने अपने अधिकार पत्र कालाबजारियों के हांथों बेच दिया।
- उद्योगो की कीमत कम से कम आंकी गई और औने पौने दामों में बेच दिया गया। इसलिए इस महाविक्री को इतिहास का सबसे बड़ा गराज सेल कहा गया।
- औद्योगिक ढाँचे का यह पूर्ननिर्माण सरकार द्वारा निर्देशित औद्योगिक नीति की बजाए बाजार की ताकतें कर रही थी। इसलिए यह नीति नुकसानदायक रही।

संघर्ष एवं तनाव के क्षेत्र

👉 पूर्व सोवियत संघ के अधिकांश गणराज्य की आशंका वाले क्षेत्र में आते हैं।

👉 इन देशों में आंतरिक संघर्ष जैसे गृहयुद्ध या अलगाववादी आंदोलन तो है ही, साथ ही साथ बाहरी ताकतों की दखलन्दाजी (हस्तक्षेप) भी बढ़ा है।

👉 प्रमुख संघर्ष वाले क्षेत्र इस प्रकार हैं :-

(1) चेचन्या और दागिस्तान में संघर्ष

- यहाँ हिंसक अलगाववादी आंदोलन चला।
- सोवियत संघ द्वारा चेचन्य विद्रोहियों को नियंत्रित करने के लिए सैन्य बम्बारी की गई।
- इससे व्यापक स्तर पर मनवाधिकारों का उलंघन हुआ।

(2) बाल्कन क्षेत्र में संघर्ष

- **युगोस्लाविया** में जातीय संघर्ष ने गृहयुद्ध का रूप ले लिया।
- NATO का हस्तक्षेप, युगोस्लाविया पर बम्बारी।
- 1991 में युगोस्लाविया का कई प्रांतों में विभाजन हो गया।
- इसमें शामिल **स्लोवेनिया, क्रॉएशिया, बोसनिया-हरजेगोबीना** ने स्वयं को स्वतंत्र घोषित कर दिया।

विद्या दृष्टि
The Vision Of Education

(3) बालटिक क्षेत्र में संघर्ष

- **लिथुआनिया** में सबसे पहले 1988 में स्वतंत्रता के लिए संघर्ष शुरू हुआ और अंततः 1990 में लिथुआनिया ने अपने आप को स्वतंत्र घोषित कर दिया।
- इसे देखकर लताविया और एस्टोनिया ने भी स्वतंत्रता की घोषणा कर दी।
- लिथुआनिया, लताविया और एस्टोनिया ने 1991 में UNO की सदस्यता ग्रहण कर ली और 2004 में ये NATO के सदस्य भी बन गयें

(4) मध्य एशिया में संघर्ष

👉 **तज़ाकिस्तान**

- 1991 से लेकर 2001,10 वर्षो तक गृहयुद्ध।
- संम्प्रदायिक संघर्ष भी चल रहे हैं।

👉 **अजरबैजान**

- इसका एक प्रान्त नगराकरोबाख है जहाँ अलगाववादी आंदोलन चल रहे हैं।
- यहाँ के कुछ स्थानीय अर्मेनियाई, अजरबैजान से अलग होकर अर्मेनिया में शामिल होना चाहते हैं

👉 **जॉर्जिया, यूक्रेन, करिगीझस्तान**

- गृहयुद्ध
- मौजूदा शासन को उखाड़ फेकने के लिए आंदोलन

by :- M H RABBANI

(5) चेकोस्लोवाकिया

- पूर्वी यूरोप में चेकोस्लोवाकिया **शांति पूर्वक दो भागो में बट गया।**
- इससे चेक गणराज्य और स्लोवाकिया नमक दो देश बने।

मध्य एशिया में संघर्ष के कारण

(1) पेट्रोलियम संसाधनो का भण्डार

- मध्य एशियाई गणराज्यो मे हाइड्रोकार्बन (पेट्रोलियम) संसाधनो का विशाल भण्डार है।
- इसी कारण यह क्षेत्र बाहरी ताकतों एवं तेल कम्पनियों की आपसी प्रतिस्पर्धा का अखाड़ा बन गया।

(2) अमेरिकी हस्ताक्षेप / हित

- 11 सितम्बर 2001 की घटना के बाद अमेरिका ने इन क्षेत्रों मे अपने सैन्य ठिकाने बनाए।
- इन क्षेत्रों का प्रयोग अफगानिस्तान एवं ईराक युद्ध मे किया।
- अमेरिका इन क्षेत्रो मे अपना प्रभाव बढ़ाना चाहता है।

(3) रूस का हित

- रूस इन राज्यो को अपना निकटवर्ती विदेश मानता है।
- उसका मानना है कि इन क्षेत्रों को रूस के प्रभाव मे रहना चाहिए।

(4) चीन का हित

- खनिज तेल जैसे संसाधनो की मौजूदगी के कारण चीन के हित भी इस क्षेत्र से जुड़े हैं।
- चीन सीमावर्ती क्षेत्रो में अपने व्यापार का प्रसार कर रहा है

(5) नदी जल के बाँटबारे को लेकर विवाद

(6) गृहयुद्ध एवं अलगाववादी आंदोलन

by :- M H RABBANI

निष्कर्ष :-

👉 वस्तुतः गृहयुद्ध, अलगाववादी आंदोलन और नदी जल के बटवारे को लेकर इन क्षेत्रों में संघर्ष होते रहता है।

👉 अमेरिका, रूस, और चीन जैसे वैश्विक शक्तियों के हस्तक्षेप ने संघर्ष की संभावना को और बढ़ा दिया है।

सोवित संघ का एक महाशक्ति बनना

द्वितीय विश्वयुद्ध के पश्चात् सोवियत संघ को महाशक्ति बनने मे निम्नलिखित कारक सहायक थें :-

(a) पूर्वी यूरोप के देशो पर सोवियत नियंत्रण

- द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान पूर्वी यूरोप के बहुत से देशो को सोवियत संघ फासीवाद के चंगुल से मुक्त कराया था।
- अतः द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद ये सारे यूरोपीय देश सोवियत संघ के प्रभाव मे आ गए।

(b) सोवियत संघ के प्रभाव में आए देशों की व्यवस्था

- युद्ध के बाद USSR से प्रभावित समस्त यूरोपीय देशों ने अपनी राजनीतिक, सामाजिक तथा आर्थिक व्यवस्था को सोवियत संघ के अनुरूप बना लिया।
- इससे सोवियत संघ को और मजबूती प्राप्त हुई।

(c) संचार तंत्र

- सोवियत संघ के पास सूचना एवं संचार तंत्र का एक जटिल ताना बाना था।
- वैज्ञानिक क्षेत्र मे वह तत्कालिन सभी देशो से आगे था।
- चंद्रमा पर पहला अंतरिक्ष यात्री भेजने मे उसे सफलता मिली थी।
- समरिक हथियारों के उत्पादन मे भी वह सबसे आगे था।

(d) परिवहन क्षेत्र में सुधार

- परिवहन के साधनों में हुए सुधार से दूरदराज के क्षेत्र भी राजधानी मास्को से जुड़ गयें।
- इससे आर्थिक एवं सांस्कृतिक परिवेश में काफ़ी परिवर्तन आया।

(e) उद्योग, व्यवसाय तथा भूमि प्रणाली में सुधार

- विशाल खनिज पदार्थ तथा ऊर्जा संसाधनों के कारण तीव्र विकास हुआ।
- घरेलू उपभोक्ता उद्योग उन्नत अवस्था में था।
